उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.10.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

थाना कोतवाली महोबा क्षेत्र में संचालित डायल-112 पीआरवी पुलिस कर्मियों द्वारा नीलगाय की टक्कर से हुए एक्सीडेंट की सूचना पर घायल को अस्पताल पहुंचाकर तत्काल सहायता प्रदान की गई, जिससे घायल की जान बचायी जा सकी।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल 112 पीआरवी वाहन द्वारा जनपदवासियों को प्राप्त इवेन्ट/सूचना पर तत्काल आपात सहायता मुहैया करायी जाती है, जिससे लोगो को उनके मध्य पुलिस बल की उपलब्धता को बोध होता है तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति में यह विश्वास होता है कि डायल-112 पीआरवी तत्काल उनकी शिकायत/समस्या के निवारण हेतु उपलब्ध होगी।

इसी क्रम में आज दिनांक- 12.10.2024 की रात्रि करीब 01.53 बजे थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में संचालित डायल112 पीआरवी 5821 अपने निर्धारित प्वाइंट रेलवे अण्डर ब्रिज के पास जा रही थी कि तभी रोड़ पर एक व्यक्ति रोड पर घायल अवस्था में पड़ा दिखा, इस पर पीआरवी ने तत्काल फिल्ड इवेंण्ट बनाकर घायल व्यक्ति को पीआरवी वाहन से इलाज हेतु जिला अस्पताल महोबा लाया गया व बेहतर उपचार हेतु भर्ती कराया गया। घायल का नाम पता करन सिंह पुत्र कमलापत नि0 सिजहरी थाना श्रीनगर जनपद महोबा है। घायल के परिजनो को इसकी सूचना दी गई, घटना के दौरान मिली मोटरसाइकिल को घायल के भाई दिनेश पुत्र कमलापत को सुपुर्द किया गया। पीआरवी की त्वरित कार्यवाही से घायल को अस्पताल पहुचाकर घायल की जान बचायी जा सकी है। घायल के परिजन और जनता द्वारा पीआरवी कर्मियों व यूपी 112 परियोजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई है।

पीआरवी स्टाफ- पीआरवी 5821

1. कमाण्डर का0–रामचन्द्र
2. उप कमांडर का 0मनीष कुमार 3. पायलट हो0गा0 -इन्द्रपाल सिंह